## खबर संक्षेप



### पँचायत प्रतिनिधियों का प्रशिक्षण आयोजित

**बड़वारा।** महात्मा गांधी राज्य ग्रामीण विकास संस्थान, अधारताल (जबलपुर) द्वारा राज्य ग्रामीण स्वराज मिशन विषय पर जनपद स्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम जनपद पंचायत बड़वारा में आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम जनपद पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री प्रभा सिंह तेकाम के निर्देशन में संपन्न हुआ।प्रशिक्षण कार्यक्रम में राज्य ग्रामीण स्वराज मिशन के अंतर्गत पंचायतों की भूमिका, दायित्व, योजनाओं के क्रियान्वयन, पारदर्शिता एवं जनभागीदारी से संबंधित समस्त जानकारी विस्तारपूर्वक दी गई। मास्टर ट्रेनर के रूप में ग्राम सिंह, पी.सी.ई.ओ. डॉ अजीत सिंह एवं ब्लाक समन्वयक श्रीमती बविता सिंह द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया।कार्यक्रम के दौरान पंचायत प्रतिनिधियों को मिशन से संबंधित व्यावहारिक पहलुओं की जानकारी दी गई तथा उनके प्रश्नों का समाधान किया गया। प्रशिक्षण से पंचायत प्रतिनिधियों में मिशन के उद्देश्यों को लेकर जागरूकता बढ़ी और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।कार्यक्रम में जनपद स्तर के अधिकारी, कर्मचारी एवं पंचायत प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

### झंडा चौक से हटाया गया पुराना अशोक स्तंभ



**उमरियापान।** नवगठित नगर परिषद उमरियापान के मुख्य बाजार स्थित झंडा चौक पर बने पुराने अशोक स्तंभ को बीती रात जेसीबी मशीन की मदद से हटाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर मौजूद रहे।अब यहाँ पर नवीन स्तंभ का निर्माण कार्य कराया जाएगा। उमरियापान के हृदय स्थल झंडा चौक में करीब पांच दशक पूर्व अशोक स्तंभ का निर्माण कराया गया था। इसी स्थान पर प्रतिवर्ष राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस के अवसर पर तिरंगा फहराया जाता रहा है। साथ ही हिंदू नववर्ष एवं विभिन्न प्रमुख जयंतियों पर दीप प्रज्वलन एवं आयोजन होते रहे हैं। उमरियापान के सरपंच अटल ब्यौहार ने बताया कि झंडा चौक में अब नवीन और भव्य स्तंभ का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए आवश्यक प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है और जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होगा।

### सवा किलो गांजा जब्त

**कटनी।** रीठी पुलिस ने मुहास रोड तिराहा में राजकुमार राय उर्फ मिच्चू 40 साल निवासी ग्राम कैना को पकड़ा। युवक के पास से 1 किलो 200 ग्राम गांजा कीमती लगभग 20,000 रूपए जब्त किया गया है।

## परिजनों ने प्रताड़ित करने के लगाये आरोप, वन विभाग ने कहा पहले से बीमार था

# वन्य प्राणी के शिकार के संदेह में पूछताछ के लिए हिरासत में लिये गये बुजुर्ग की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

वन विभाग द्वारा वन्यजीव के शिकार के संदेह में पूछताछ के लिए लाए गए 65 वर्षीय एक आदिवासी बुजुर्ग फूलचंद कोल की तबीयत बिगड़ गई और अस्पताल में उनकी मौत हो गई है। इस घटना के बाद से वन विभाग की कार्यप्रणाली और हिरासत में लिए गए व्यक्ति की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

जानकारी के अनुसार सिमरिया वन परिक्षेत्र के ग्राम सेमरा निवासी फूलचंद कोल को बुधवार को वन विभाग की टीम ने हिरासत में लिया था। अधिकारियों को संदेह था कि वे किसी शिकार की घटना में शामिल थे। इसी आधार पर उन्हें पूछताछ के लिए सिमरिया रेंज कार्यालय लाया गया था। परिजनों और प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक रेंज कार्यालय में पूछताछ के दौरान फूलचंद की तबीयत अचानक खराब हो गई। उनकी हालत बिगड़ती देख वन विभाग के कर्मचारी उन्हें आनन-फानन में देर शाम जिला अस्पताल ले गए। बताया जा रहा है कि



अस्पताल पहुँचते समय उनकी स्थिति बेहद नाजुक थी। जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने बताया कि जब बुजुर्ग को इलाज के लिए लाया गया तब उनका ब्लड प्रेशर 200 से अधिक था जो कि एक जानलेवा स्तर माना जाता है। डॉक्टरों ने तत्काल प्राथमिक उपचार शुरू किया, लेकिन तमाम कोशिशों के बावजूद कुछ ही घंटों के भीतर फूलचंद कोल ने दम तोड़ दिया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए मौके पर पहुंचे तहसीलदार हर्ष वर्धन ने बताया कि फिलहाल शरीर पर बाहरी चोट के स्पष्ट निशान नहीं मिले हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट होगी।

### परिजनों ने लगाया आरोप

मृतक के पुत्र कोदू कोल ने आरोप लगाया है कि वन विभाग की टीम उनके बड़े पिता को खेत से बिना किसी पूर्व सूचना के उठा ले गई थी। आरोप है कि उन्हें झूठे मुकदमे में फंसाने के लिए प्रताड़ित किया गया। उनके साथ मारपीट की गई। इस कारण हालत बिगड़ी, तब उन्हें अस्पताल ले जाया गया। परिजनों का दावा है कि मारपीट में आई अंदरूनी चोटों के कारण ही उनकी मौत हुई है। पीड़ित परिवार ने इस मामले की उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच और दोषियों को सजा देने की मांग की है। मृतक बेटे कोदू लाल कोल ने बताया कि मामले को रफा-दफा करने के लिए कल रात वन विभाग के कर्मचारी हमें रुपए दे रहे थे, लेकिन हमने इनकार कर दिया। परिजनों ने निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों और परिजनों ने चेतावनी दी है कि यदि निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई नहीं की गई तो वे वन विभाग कार्यालय के सामने शव रखकर बड़ा आंदोलन करेंगे।

### इनका कहना है

इस संबंध में सिमरिया के रेंज अधिकारी कार्तिकेय भट्टा का कहना है कि बुजुर्ग को केवल पूछताछ के लिए लाया गया था। उन्होंने बताया कि विभाग को ऐसी जानकारी मिली है कि बुजुर्ग पहले से ही किसी गंभीर बीमारी से ग्रसित थे और पूछताछ के दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें तुरंत अस्पताल भेजा गया।



## विद्यार्थियों को दिया गया हरी खाद एवं खलियों के निर्माण का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शिक्षा के साथ स्वरोजगार के माध्यम से विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए शासकीय महाविद्यालय विजयराघवगढ़ में स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को जैविक खेती का प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण प्राचार्या डॉ. सुषमा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समन्वयक डॉ. अरुण कुमार सिंह एवं डॉ. सुमन पुरवार के सहयोग से जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा दिया गया।

प्रशिक्षण में विद्यार्थियों को कम लागत तकनीकी जीरो बजट फार्मिंग के अंतर्गत हरी खाद एवं खलियों के निर्माण तथा फसलों में उपयोग के बारे में बताया गया। बताया गया कि हरी खाद के लिए दलहनी फसलों के अंतर्गत सन, ढेंचा, उड़द, मूंग, लोबिया, बरसीम आदि फसलों को सिंचित अवस्था में मानसून आने के 15 से 20 दिन पूर्व तथा असिंचित अवस्था में मानसून आने के तुरंत बाद हरी खाद की फसलों के बीज बोना चाहिए। एक से डेढ़ माह की फसल को डिस्क हैरो या रोटावेटर चला कर पौधों को पलट दें तथा पाटा चलावें। खेत में 5 से 6 सेंटीमीटर पानी भरने से 8 से 10 दिन में पौधों के सड़ने से खाद बन जाती है। इसके बाद धान का रोपा लगाने से नाइट्रोजन खाद की मात्रा कम देना पड़ता है, तथा सभी पोषक तत्व उपलब्ध होते हैं।

प्रशिक्षण में बताया गया कि तिलहनी फसलों से तेल निकालने के बाद बीजों का जो अवशेष बचा रहता है उसे खली कहते हैं। इसमें प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट एवं खनिज पदार्थ पाए जाते हैं। खली का उपयोग दुधारू पशुओं को देने से दूध के उत्पादन में वृद्धि तथा जैविक खाद के लिए होता है। नीम, तिल, सरसों, महुआ, अरंडी, करंज, अलसी एवं मूंगफली आदि फसलों की खली का उपयोग किया जाता है।

*ढीमरखेड़ा पुलिस ने की कार्यवाही, टीम को पुरस्कृत करने घोषणा*

## मंदिरों में चोरी करने वाला गिरफ्तार, चांदी के मुकुट बरामद, बदमाश को भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

मंदिर से चांदी के मुकुट चोरी करने वाले आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया व एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में ढीमरखेड़ा पुलिस ने की है। पुलिस ने ग्राम सिलौंडी के दो मंदिरों में हुई चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और उसके पास से चोरी किए गए चांदी के मुकुट बरामद कर लिए हैं। पुलिस के अनुसार 19 जनवरी को सिलौंडी चौकी अंतर्गत ग्राम सिलौंडी की



धर्मपुरा हनुमान कुटी और कस्बा स्थित एक निजी मंदिर से अज्ञात चोर ने भगवान हनुमान, राम और लक्ष्मण जी के कुल 4 चांदी के मुकुट चोरी कर लिए थे। इन मुकुटों का वजन करीब 30 तोला और बाजार मूल्य लगभग 80,000 रुपये बताया गया था। धार्मिक स्थल पर हुई इस चोरी से क्षेत्र के लोगों में भारी आक्रोश था।

थाना प्रभारी ढीमरखेड़ा अभिषेक चौबे के नेतृत्व में चौकी प्रभारी अनिल पांडे की एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और मुखबिरों को सक्रिय किया। सटीक सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर संदेही निखिल सेन 19 वर्ष निवासी सिलौंडी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी ने चोरी की बात कबूल कर ली। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने चारों चांदी के मुकुट बरामद कर लिए हैं। आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

इस कार्यवाही में थाना प्रभारी अभिषेक चौबे, चौकी प्रभारी अनिल पांडेय, प्रधान आरक्षक अतुल शर्मा, आरक्षक रामसेवक और धर्मवीर की मुख्य भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक ने पूरी टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा की है।

## शारदा मॉडल स्कूल में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन



विराट हिंदू सम्मेलन के कार्यक्रम का आयोजन शारदा मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल बड़वारा में 22 जनवरी को बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उमेश माधव मिश्र प्रांत विश्व में परिषद के महामंत्री एवं संतोष दुबे भूतपूर्व सैनिक, हरिओम दास एवं पुष्पा सिंह उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम कार्यक्रम के दौरान मुक्ति द्वारा पर्यावरण संरक्षण के बारे में बताया गया एवं कुटुंब प्रबोधन को विस्तार से समझाया गया समरसता बीच-बीच भेदभाव को दूर करने की बात कही गई एवं मानव कल्याण जन कल्याण के लिए सभी बातें बोली गई कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी क्षेत्रवासी उपस्थित रहे जिसमें हिंदू को जगाने के लिए उद्बोधित किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह कटनी जिला अध्यक्ष श्री दीपक टंडन सोनी सांसद प्रतिनिधि पद्मेश गौतम, बड़वारा के सभी मंडल अध्यक्ष कार्यकर्ता सभी गांव से आए ग्रामीण जन उपस्थित रहे कार्यक्रम के उपरांत वंदे मातरम का गायन किया गया एवं भारत माता की आरती की गई आरती के उपरांत सभी का भोज कराया गया। ।

## नगर निगम परिसर में सामूहिक विवाह का आयोजन आज, व्यवस्थाओं के लिए सौंपे दायित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री कन्या विवाह-निकाह योजना के अंतर्गत 23 जनवरी को प्रातः 10 बजे से नगर पालिक निगम कटनी परिसर में सामूहिक विवाह-निकाह समारोह का आयोजन किया जाना है। सामूहिक विवाह के अवसर पर 33 जोड़ों का विवाह विधि-विधान एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न होगा।

निगमायुक्त श्रीमती हरसिमरन प्रीत कौर ने सामूहिक विवाह के सफल आयोजन हेतु श्री जागेश्वर प्रसाद पाठक को सम्पूर्ण आयोजन की व्यवस्थाओं हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त कर विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दायित्व सौंपे है। निगमायुक्त श्रीमती कौर द्वारा जारी आदेशानुसार सभी पात्र वर-वधू के विवाह उपरांत विवाह प्रमाण पत्र वितरण कराने,आवश्यक बैठक व्यवस्था, योजना की जानकारी प्रदान कर सहयोग करने,विवाह, निकाह से संबंधित समस्त कार्यवाही पूर्ण कराने, भोजन, शुद्ध पानी, पूजन सामग्री, पुरोहित, स्वागत हेतु फूल-माला, बुके आदि आवश्यक व्यवस्था का दायित्व सहायक राजस्व अधिकारी सागर नायक,योजना प्रभारी रविशंकर पाण्डेय, सनद विश्वकर्मा, एवं सहा. ग्रेड-3 उपेन्द्र तिवारी के साथ सहायक कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

जबकि टेंट, पंडाल, शामियाना, साज-सज्जा, कुर्सी, विद्युत, महिला एवं पुरुष हेतु चेंजिंग रूम, माइक, साउंड, हवन हेतु बेदी इत्यादि की व्यवस्था हेतु उपयंत्री जे.पी.सिंह बघेल तथा मंच संचालन की व्यवस्था का दायित्व श्रीमती शिवा मिश्रा, शिक्षिका को सौंपा गया है।

निगमायुक्त श्रीमती कौर ने कार्यक्रम स्थल एवं आसपास व पहुंच मार्ग की विशेष साफ-सफाई, चूने की लाइनिंग, शौचालय की सफाई एवं कीटनाशक दवा का छिड़काव, मोबाईल टायलेट,आवारा जानवरों के नियंत्रण, डस्टबिन, शुद्ध पेयजल, विवाह पंडाल में अग्नि रोधक यंत्र, आमंत्रण पत्र, बैनर, होर्डिंग, आवश्यक प्रचार प्रसार सहित प्रत्येक जोड़ों के मान से वरमाला की व्यवस्था का दायित्व विभागीय अधिकारियों को सौंपते हुए समस्त आवश्यक व्यवस्थाओं को समय पर पूर्ण करने के निर्देश गए हैं।

### जुआ खेलते पांच जुआरी गिरफ्तार, 2200 रूपए जब्त

**कटनी।** माधवनगर पुलिस ने भटिया मोहल्ला में जुआ खेलते 5 व्यक्तियों को हाथों गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि झिंझरी क्षेत्र के भटिया मोहल्ला में मंदिर के पास कुछ लोग अवैध रूप से जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने रात करीब 10:20 बजे मौके पर घेराबंदी की। पुलिस की अचानक उपस्थिति से वहां हड़कंप मच गया। पुलिस ने मौके से राजीव चौधरी 45 वर्ष, निवासी भटिया मोहल्ला, मयंक पटेल 32 वर्ष निवासी भटिया मोहल्ला, राजकुमार बर्मन 45 वर्ष निवासी भटिया मोहल्ला, सोनू बेन 30 वर्ष निवासी बर्मन मोहल्ला, झिंझरी, पवन बर्मन 24 वर्ष निवासी भटिया मोहल्ला शामिल हैं। पुलिस ने मौके से 52 ताश के पत्ते और 2220 रुपये नगद बरामद किए हैं। आरोपियों के खिलाफ धारा 13 (जुआ एक्ट) के तहत मामला दर्ज किया गया है। यह पूरी कार्रवाई 22 जनवरी की रात करीब 12:07 बजे विधिवत रूप से दर्ज की गई।

## बिजली बिल जमा करने पर सौ फीसदी सरचार्ज में मिलेगी छूट, मुख्य महा प्रबंधक ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

बकाया बिजली बिल जमा करने वालों को सरकार ने बड़ी राहत दी है। समाधान योजना में बिजली कंपनी ने 31 जनवरी तक पहला चरण बढ़ा दिया है। उपभोक्ताओं को सौ प्रतिशत सरचार्ज पर लाभ दिया जाएगा। लक्ष्य की पूर्ति करने के लिए कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक (वाणिज्य )नीरज कुचिया खुद मैदान में उतर गए हैं।महाप्रबंधक जबलपुर नीरज कुचिया गुरुवार को कार्यपालन अभियंता शैलजा सिंह चौहान के साथ तेवरी विद्युत वितरण केंद्र के अंतर्गत एक लाख से ऊपर बकाया राशि वाले उपभोक्ताओ के घर पहुंचे ओर समाधान योजना का लाभ देने के लिए समझाइश दी।उन्होंने कहा कि उपभोक्ता अपना बिल समाधान योजना के अंतर्गत जमा कर योजना का लाभ उठाएं।

विद्युत विभाग के अधिकारियो को निर्देशित किया कि बकाया बिल जमा ना करने वाले उपभोक्ताओं के बैंक अकाउंट नंबर लेकर अकाउंट सीज करनेआदेशित किया गया है ओर जिन उपभोक्ता के द्वारा विद्युत का उपयोग लाइन विच्छेदन के बाद भी किया जा रहा उनके विरुद्ध धारा 138 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध करने के लिए आदेशित गया है ।इस दौरान उपसंभाग स्लीमनाबाद सहायक अभियंता अभिषेक गढ़ेवाल, कनिष्ठ अभियंता कुलदीप सैयाम, पवन तिवारी, अंकुश पाण्डेय,लक्ष्मण सिंह, आनंद यादव,अरविंद रजक उपस्थित रहे समाधान योजना का उपभोक्ता उठाये लाभ-मुख्य महाप्रबंधक ने बताया किबिजली कंपनी ने समाधान योजना से बकाया वसूली की भरपाई करने के लिए दूसरे चरण में प्लानिंग तैयार की है। बड़े उपभोक्ताओं की सूची तैयार कर लाइनमैन से लेकर मीटर रीडर, जेई, एई और डीई को मैदान में उतारा गया है।

उपभोक्ताओं को चिन्हित कर उनसे बकाया वसूलने का प्रयास किया जाएगा। जिन उपभोक्ताओं द्वारा योजना के लाभ से किनारा किया जाएगा, उनके कनेक्शन भी काटे जाएंगे। समाधान योजना का उद्देश्य 3 महीने से ज़्यादा के बकाये पर लगने वाले सरचार्ज में भारी छूट देना है।

**सर्वार्थ सिद्दि, रवि योग ओर महासिद्दि योग में आज मनेगी बसंत पंचमी**

## बसंत पंचमी पर मंदिरों में होंगे विविध धार्मिक आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

ज्ञान व विद्या की देवी मां सरस्वती का प्रकट उत्सव बसंत पंचमी के पावन अवसर धूमधाम से मनाया जायेगा। स्लीमानाबाद तहसील क्षेत्र में मां सरस्वती का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इसको लेकर मंदिरों मैं विशेष तैयारी की जा रही हैं।विशेष आयोजन हरिदास ब्रजधाम कोहका मैं होगा जहां दिनभर पूजा अर्चना का दौर चलेगा। स्लीमानाबाद स्थित सिंहवाहिनी मंदिर, कोडिया स्थित श्रीराम जानकी मंदिर ,खिरहनी स्थित जगदीश धाम मंदिर सहित अन्य मंदिरों में भी विविध धार्मिक कार्यक्रम होंगे।

पंडित दिलीप पौराणिक ने बताया कि ज्ञान और विद्या की देवी मां सरस्वती का जन्म बसंत पंचमी के दिन हुआ था।इसलिए यह शुभ दिन उन्हें समर्पित हैं।मंदिरों मैं ही नही स्कूल कालेजों में भी मां सरस्वती की पूजा विधि विधान के साथ की जायेगी।माता सरस्वती के पूजन के लिए सुबह स्नान कर पीला वस्त्र पहनकर पूजा का संकल्प लें। शुभ मुहूर्त में माता सरस्वती की पूजा करें। पूजा के वक्त पीला फूल, सफेद चंदन, अक्षत, पीले रंग की रोली, पीला गुलाब, धूप, दीप, गंध



आदि अर्पित करें। सरस्वती पूजा के दिन सरस्वती वंदना के साथ ही सरस्वती कवच का पाठ करें। इस वर्ष बसंत पंचमी का पर्व अत्यंत शुभ संयोगों में संपन्न होगा।

आ 23 जनवरी को मनाई जाने वाली बसंत पंचमी पर चार महत्वपूर्ण योग-सर्वार्थ सिद्धि योग, रवि योग, शिव योग और महासिद्धि योग का दुर्लभ संयोग बन रहा है। 23 जनवरी को सूर्योदय प्रातः 6 बजकर 38 मिनट पर होगा। माघ शुक्ल पंचमी तिथि का मान पूरे दिन रहेगा और रात्रि 12 बजकर 8 मिनट तक प्रभावी रहेगा। सर्वार्थ सिद्धि योग पूरे दिन एवं रात्रि पर्यंत रहेगा, जबकि प्रातः 9 बजकर 14 मिनट के बाद महासिद्धि योग बन रहा है।

वही पंडित रमाकांत पौराणिक ने बताया कि यह पर्व ऋतुराज बसंत के आगमन का प्रतीक है। बसंत पंचमी को श्री पंचमी भी कहा जाता है। इस दिन विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की पूजा की जाती है। सरस्वती पूजा के दिन तीन विशेष शुभ मुहूर्त है, जिनमें पूजा करने से सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। पहला मुहूर्त सुबह 7:13 बजे से दोपहर 12:33 बजे तक रहेगा। दूसरा अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12:11 बजे से 12:54 बजे तक होगा। वहीं तीसरा अमृतकाल मुहूर्त जो सुबह 9:31 बजे से 11:05 बजे तक रहेगा। इन मुहूर्तो में मां सरस्वती की आराधना करना विशेष फलदायी माना जाता है।



### खेलों का आयोजन, विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**स्लीमनाबाद।** ग्रामोदय से अभ्युदय मध्य प्रदेश अभियान के तहत ग्राम बड़खेरा नीम में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बड़खेरा द्वारा पारंपरिक खेलकूद के माध्यम से ग्राम उत्सव का आयोजन शासकीय शाला परिसर बड़खेरा में किया गया। ग्राम उत्सव के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई, जिसमें छात्रों द्वारा देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए गए। साथ ही बोरा दौड़, चम्मच दौड़, रस्सी कूद दौड़, कुर्सी दौड़, रिंग दौड़, वाटर बोतल दौड़, खो-खो सहित अनेक पारंपरिक खेलों का आयोजन किया गया।

इन गतिविधियों में बच्चों, युवाओं एवं महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अवधेश बैरागी, अशोक तिवारी उपस्थित रहे।इस अवसर पर ब्लॉक समन्वयक अरविंद शाह द्वारा 12 जनवरी से 26 जनवरी तक पखवाड़े के रूप में संचालित ग्रामोदय से अभ्युदय मध्य प्रदेश अभियान के अंतर्गत विकासखंड बहोरीबंद के सेक्टर एवं ग्राम स्तर पर आयोजित किए जा रहे ग्राम उत्सवों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही खेल प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया तथा द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समिति द्वारा समापन पर आभार व्यक्त किया गया।

## अमानक खाद्य सामग्री बेचने पर 30 हजार का वसूला जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में मिलावट से मुक्ति अभियान के तहत जिला प्रशासन द्वारा कार्यवाही का सिलसिला सतत रूप से जारी है। प्रतिष्ठानों को सील करने, लाइसेंस व पंजीयन निलंबित करने सहित दांडिक कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम मे न्याय निर्णायक अधिकारी व अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी ने अमानक दूध, दही और पनीर के विक्रय व संग्रहण के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये प्रतिष्ठान संचालक पर 30 हजार रुपये का आर्थिक दण्ड लगाया गया है।

अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी द्वारा जारी आदेश में अर्जित अनुचित लाभ एवं उल्लंघन की पुनरावृत्ति को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 के तहत कार्यवाही करते हुए श्री लेखराज चौधरी पिता श्री मोहनलाल चौधरी, फर्म- दूध डब्बा, झिंझरी को अमानक एवं मिथ्याछाप दूध, दही और पनीर का संग्रहण एवं विक्रय करने पर 30 हजार रूपये के आर्थिक दंड से दंडित किया गया है।

अनावेदक को अर्थदंड की राशि निर्धारित ट्रेजरी चालान के माध्यम से हैड क्रमांक 0210 चिकित्सा एवं लोक स्वास्थ्य, 04- लोक स्वास्थ्य, 104- शुल्क एवं अर्थ दंड आदि (0754) खाद्य अपमिश्रण एवं औषधि नियंत्रण के अंतर्गत लाइसेंस फीस अर्थदंड आदि के खाते में 30 दिवस के भीतर जमा कर चालान की प्रति इस न्यायालय में जमा करने हेतु निर्देशित किया गया है। राशि जमा न करने की दशा में लोक धन शोध अधिनियम के तहत राशि की वसूली की जावेगी।

### जांच दल गठित कलेक्टर के निर्देशन में शिक्षा गुणवत्ता सुधार की दिशा में ठोस पहल

# धनगौर हाई स्कूल में निरीक्षण के दौरान मिली अनियमितताएँ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा



जिला कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन में कक्षा दसवीं, के परीक्षा परिणामो में सुधार लाने के उद्देश्य से जिले के प्रत्येक विकासखंड में कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में बटियागढ़ एवं तेंदूखेड़ा ब्लॉक के विकासखंड शिक्षा अधिकारियों द्वारा प्रभावी कार्य योजना तैयार की गई, जिसे संपूर्ण जिले में लागू किया गया है। इस संबंध में विकासखंड शिक्षा अधिकारी नितेश कुमार पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि योजना के अंतर्गत चयनित शिक्षकों की विशेष टीमें गठित की गई हैं। ये टीमें विद्यालयों में जाकर पूरे दिन विद्यार्थियों के साथ रुककर विषयवार प्रश्नपत्रों का अभ्यास (पेपर सॉल्व) करवा रही हैं, ताकि छात्रों की शैक्षणिक कमजोरियों को दूर किया जा सके। तेंदूखेड़ा ब्लॉक में ऐसे 11 विद्यालयों का चयन किया गया है, जिनका गत वर्ष परीक्षा परिणाम संतोषजनक नहीं रहा था और इस वर्ष भी परिणाम प्रभावित होने की आशंका थी। इन विद्यालयों को विशेष फोकस में रखा गया है। योजना के तहत आवश्यकता अनुसार रविवार को भी विद्यालय संचालन, अतिरिक्त कक्षाएं एवं परीक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को निरीक्षण के दौरान धनगौर हाईस्कूल की स्थिति संतोषजनक नहीं पाई गई। जब विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा दोपहर लगभग 12:00 बजे विद्यालय का निरीक्षण किया गया, उस समय प्राचार्य उपस्थित नहीं थे तथा प्राचार्य कक्ष में ताला लगा पाया गया। इसके अतिरिक्त विद्यालय परिसर में राष्ट्रगान को बैनर से ढका हुआ पाया गया, जो नियमों का उल्लंघन है, क्योंकि राष्ट्रगान को ढकना वर्जित है। उक्त अनियमितताओं को गंभीरता से लेते हुए विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा दो सदस्यीय जांच दल गठित किया गया है, जो पूरे मामले की जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगा। साथ ही ग्रामीणों से भी विद्यालय के संबंध में शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिन पर भी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन का उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करते हुए परीक्षा परिणाम में सुधार लाना है।

## श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक संदेश के साथ संपन्न हुआ श्रीरामचरित मानस महायज्ञ

**22 जनवरी को पूर्णाहुति, आज 23 जनवरी को विशाल भंडारे का आयोजन**



**बनवार।** तपोभूमि गंगा झिरिया धाम में आयोजित 21 दिवसीय श्रीरामचरित मानस महायज्ञ की प्रवचन माला का समापन श्रद्धा, भक्ति और भावपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। पूरे परिसर में कीर्तन, भजन और जयकारों से आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार देखने को मिला। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर कथा श्रवण का पुण्य लाभ प्राप्त किया। महायज्ञ के अंतिम दिवस कथा देवी सुश्री तपस्या तिवारी ने धर्म, सदाचार और सामाजिक उत्तरदायित्व पर प्रेरणादायी प्रवचन दिए। उन्होंने कहा कि भगवान भाव के वशीभूत होते हैं, इसलिए मनुष्य को कभी किसी का बुरा नहीं करना चाहिए। सत्संग के बिना धर्म का वास्तविक ज्ञान संभव नहीं है। उन्होंने माता-पिता से आग्रह किया कि बच्चों को भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण के आदर्श चरित्रों से परिचित कराएं, जिससे उनमें संस्कार और धर्मबोध का विकास हो। श्रीकृष्ण-सुदामा की मित्रता और 16,008 शादियों के प्रसंग को लोककल्याण व नारी सम्मान का प्रतीक बताया गया। आयोजन समिति ने बताया कि 22 जनवरी को महायज्ञ की विधिवत पूर्णाहुति संपन्न जबकि 23 जनवरी को श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

## 40 लोगों ने किया ब्लड डोनेट



**हटा।** स्वामीराज सेवा संस्थान द्वारा हटा सिविल अस्पताल में नौवां रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। संस्थान पिछले 8 वर्षों से स्व. स्वामीराज सिंह पटेल की स्मृति में लगातार सेवा कार्य कर रही है। बीएमओ डॉ. उमाशंकर पटेल के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर में निधि चौधरी एवं सौरभ चौधरी (दंपति) ने एक साथ रक्तदान कर प्रेरणा दी। कार्यक्रम में पूर्व जिप अध्यक्ष शिवचरण बड्डा व जनपद अध्यक्ष गंगाराम पटेल ,डॉ आरपी कोरी, डॉ रविन्द्र चौधरी ने रक्तदाताओं को प्रोत्साहित किया। शिविर को सफल बनाने में राजबहादुर पटेल, उदयभान पटेल, हर्ष पटेल सहित दमोह ब्लड बैंक से लेब टेक्नीशियन मनोज शर्मा, संजय प्यासी, मनीष श्रीवास्तव एवं अस्पताल स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कुल 40 यूनिट रक्त दमोह जिला अस्पताल की टीम द्वारा संग्रहित किया गया। अजय पटेल भैंसा, आशीष दुवे भैंसा, लखन दीक्षित, अनिल खंगार, देवेंद्र पटेल, ,चक्रेश जैन, राजेश सिंह लोधी, उमेश पटेल, कुंदन सिंह राजपूत, प्रेमशंकर पटेल, विपिन गुप्ता, राजन सिंह, अनुभव ताम्रकार, नीलेश सोनी, भानुप्रताप सिंह संजीव साहू हिनौता, महेंद्र पटेल हिनौता, अमित पटेल हिनौता, सुनील विश्वकर्मा, अभय दक्षित, राकेश प्यासी, बिष्णु गुप्ता हिनौता, दीपू चौरसिया हिनौता सहित कुल 40 रक्तदाताओं में रक्तदान कर मानवता की सेवा में सहभगिता निभाई।

## अयोध्या राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर सुंदरकांड पाठ सम्पन्न

**दमोह।** मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के अयोध्या स्थित भव्य मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ के पावन अवसर पर नगर में श्रद्धा व भक्ति के साथ सुंदरकांड पाठ एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। दोपहर से प्रसाद वितरण प्रारंभ हुआ, जो हरि इच्छा तक चलता रहा। संध्या समय महाआरती के साथ सुंदरकांड पाठ का समापन किया गया, जिसमें वातावरण जय श्रीराम के उद्घोष से भक्तिमय हो उठा। यह आयोजन घंटाघर के पास, मां नर्मदा ज्वेलर्स, गांधी चौक, दमोह में आयोजित किया गया। आयोजनकर्ताओं ने कार्यक्रम में महेंद्र सोनी, राहुल सोनी, विवेक सोनी, नीलेश ताम्रकार, दीपेश सेन, लक्ष्मी पुराणिक, अभिषेक सोनी, हर्ष पटेल, सोनू प्रजापति, रीतेश जैन, किसन साहू, दीपेश सोनी उपस्थित सभी श्रद्धालुओं व सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इसी प्रकार के धार्मिक आयोजनों की निरंतरता की बात कही।

## विष्णु अवतारों की आलोक रेखा ही काल, कर्म और करुणा का संगम- श्री भगवान वेदांताचार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

संस्कृतिक दृष्टि से विशेष तथ्य यह है कि विष्णु पुराण सामाजिक व्यवस्था को भी धर्म से जोड़ता है। इसमें राजधर्म प्रजा के कल्याण का मूल है कहा गया है कि शासक का वास्तविक वैभव न्याय, दया और संयम में निहित है। गृहस्थ जीवन को भी तपस्या के समकक्ष मानते हुए कर्मयोग की महिमा का प्रतिपादन विषद रूप से किया गया है। सनातन परंपरा के दिव्य ग्रंथों में विष्णु पुराण आज भी धर्म, भक्ति और मानवीय मूल्यों का प्रकाश-स्तंभ बनकर समाज को दिशा प्रदान कर रहा है। यह उद्गार है श्री भगवान वेदांताचार्य जी के जो विष्णु पुराण की कथा की गहराई से दार्शनिक व्याख्यान करते हुये पौराणिक आख्यानों का संकलन सुना रहे है, जो आगे कहते हैं कि सृष्टि के रहस्य, जीवन के कर्तव्य और मोक्ष के मार्ग का सुगठित दर्शन विष्णु पुराण हैं इस के अनुसार सृष्टि के मूल में एक ही परम सत्ता भगवान नारायण स्थित हैं। उन्हीं से उत्पत्ति, उन्हीं में लोकों का विस्तार और उन्हीं में संपूर्ण जगत का लय बताया गया है। इसलिए पुराण उद्घोष करता है कि सृष्टि, स्थिति और संहार तीनों क्रियाएँ एक ही दिव्य तत्त्व की विभिन्न अभिव्यक्तियाँ हैं। ग्रंथ में दशावतारों का विशद वर्णन मिलता है, जहाँ भगवान का प्रत्येक अवतार अधर्म के अंधकार में धर्म का दीप बनकर प्रकट होता है। मत्स्य से लेकर कल्कि अवतार तक यह स्पष्ट किया गया है कि जब जब मानवता पथभ्रष्ट होती है, तब तब ईश्वर करुणा का स्वरूप धारण कर धरती पर अवतरित होते हैं। श्रीराम मर्यादा के आदर्श हैं तो श्रीकृष्ण प्रेम, नीति और योग के जीवंत प्रतीक पुराण में कलियुग के लक्षणों का उल्लेख करते हुए नैतिक पतन, लोभ, असत्य और अहंकार की वृद्धि की चेतावनी दी गई है, साथ ही यह आश्वासन भी दिया गया है कि हरि नाम का स्मरण इस युग का सबसे बड़ा रक्षक है। अंततः कल्कि अवतार द्वारा धर्म की पुनर्स्थापना का संकेत दिया गया है। विष्णु पुराण का केंद्रीय संदेश आज के समाज के लिए अत्यंत प्रासंगिक है भक्ति, कर्तव्य और करुणा के संतुलन से ही मानव जीवन सार्थक बनता है। यह ग्रंथ न केवल धार्मिक चेतना को जाग्रत करता है, बल्कि राष्ट्र, समाज और व्यक्ति तीनों को नैतिक दिशा प्रदान करता है। विष्णु पुराण सनातन संस्कृति की वह अमृतधारा है, जो युगों-युगों से बहती हुई आज भी मानवता को धर्मपथ पर अग्रसर कर रही है। यज्ञ नारायण सेवा समिति के द्वारा धर्म मार्ग पर कथा एवं यज्ञ मे भारी मात्रा में जनमानस भाग ले रहे हैं।

## मन को शांत रखने के लिये योग व ध्यान का करें अभ्यास - जिला न्यायाधीश

### जिला जेल में जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

**दमोह।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के तत्वाधान में एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष सुभाष सोलंकी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह के मार्गदर्शन में जिला जेल दमोह में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रधान जिला न्यायाधीश सुभाष सोलंकी, जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया, जेल अधीक्षक एम.एल पटैल, सहायक जेल अधीक्षक रोहित सिंह सहित समस्त जेल स्टाफ तथा बंदीगण उपस्थित रहे। प्रधान जिला न्यायाधीश सुभाष सोलंकी ने बंदियों को उनके अधिकार के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुये कहा कि कोई भी व्यक्ति जन्म से अपराधी नही होता और न ही स्वेच्छा से कारागार में प्रवेष लेता है, गरीबी, अज्ञानता, क्रोध व दुर्घटनात्मक परिस्थितियों के कारण व्यक्ति से अपराध गठित हो जाते है जिसके कारण उसे जेल में रहना पड़ता है जिससे उसकी स्वच्छंदता प्रतिबंधित हो जाती है किंतु उसके अन्य सभी मौलिक अधिकार, मूल कर्त्तव्यों और दायित्वों के साथ उपलब्ध रहते हैं। आपने बंदियों को प्राप्त संपर्क, मुलाकात, धर्मपालन, उपचार, पढ़ने-लिखने के अधिकार के संबंध में जानकारी देते हुये बंदियों को शारीरिक तथा मानसिक रूप से स्वस्थ रहने हेतु नियमित रूप से प्राणायाम, ध्यान तथा योग का अभ्यास किये जाने हेतु प्रेरित किया। जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया ने बंदियों को निःशुल्क विधिक सहायता योजना की जानकारी देते हुये कहा कि जेल में निरूद्ध बंदी को शासकीय व्यय पर निशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराया जाता है जो तहसील न्यायालय से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक उपलब्ध करायी जाती है। वर्तमान में लीगल एड डिफेंस काउंसिल के माध्यम से बचाव हेतु पूर्णकालिक अधिवक्ताओं को नियुक्त किया जाता है जो अपना पूर्ण समय विधिक सहायता के प्रकरणों में देते हैं। साथ ही जेल में स्थापित लीगल एड क्लीनिक के संबंध में भी बंदियों को जानकारी दी। कार्यक्रम का आभार जेल अधीक्षक एम.एल. पटैल द्वारा किया गया।

## सहनशीलता और धैर्य से समाप्त होते हैं हर झगड़ेः पं. ऋषिकांत गर्ग

**बनवार।** बनवार में सोमवार को महिला मंडल द्वारा आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के चतुर्थ दिवस पर भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का उत्सव अत्यंत श्रद्धा, उल्लास और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। कथा प्रवक्ता बालव्यास पं. ऋषिकांत गर्ग जी महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि सहनशीलता और धैर्य हर लड़ाई-झगड़े को समाप्त कर सकता है, लेकिन आज के समय में इन्हीं गुणों की कमी के कारण घर-परिवारों में अशांति बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि आवेश में लिया गया निर्णय परिवार की एकता को तोड़ देता है, जबकि धैर्य और संयम जीवन को सुखमय बनाते हैं। श्रीकृष्ण जन्म की कथा का वर्णन करते हुए उन्होंने बताया कि जब अत्याचारी कंस के पापों से धरती कांपने लगी, तब भगवान श्रीकृष्ण को अवतरित होना पड़ा। भगवान के जन्म लेते ही कारागार के सभी बंधन टूट गए और वे गोकुल पहुंचे। जैसे ही कथा में श्रीकृष्ण जन्म का प्रसंग आया, पूरा पंडाल "नंद के आनंद भयो, जय कन्हैयालाल" और "हाथी घोड़ा पालकी" के जयघोष से गूंज उठा। भक्त भजनों की धुनों पर झूम उठे और वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। जन्मोत्सव के अवसर पर मिठाइयाँ व टॉफियाँ वितरित की गईं और भक्तों ने एक-दूसरे को बधाइयाँ दीं।

## आनंद उत्सव में बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां



**सिंग्रामपुर।** ग्राम पंचायत सिंग्रामपुर, रामसलैया एवं सहसना की संयुक्त सहभागिता से आनंद उत्सव कार्यक्रम का आयोजन सिंग्रामपुर के पड़ाव ग्राउंड में हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके पश्चात तीनों पंचायतों के स्कूलों के बच्चों ने रंगारंग एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिन्होंने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाईसाहब पटेल, राजू राय, मुलायमचंद जैन, अजय सोनकर उपस्थित रहे। वहीं सरपंच प्रतिनिधि राकेश ठाकुर, सचिव सिंग्रामपुर अजय सेन, सचिव सहसना, शिक्षक योगेंद्र शुक्ला, देवी प्रसाद यादव, केशव प्रसाद मेहरा सहित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन दीपक यादव द्वारा किया गया। बच्चों की उत्कृष्ट एवं मनमोहक प्रस्तुतियों पर उन्हें पुरस्कार राशि वितरित कर सम्मानित किया गया। आयोजन में उत्साह, उमंग और आनंद का माहौल देखने को मिला।

## निबंध प्रतियोगिता आयोजित



**तेंदूखेड़ा।** नगर के अमर वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय में ईको- क्लब के अंतर्गत गुरुवू को विषय- सिंगल यूज़ प्लास्टिक पर निबंध प्रतियोगिता एवं पर्यावरण क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता दी। इस कार्यक्रम का आयोजन प्रभारी प्राचार्य श्री शंकर सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में किया और संचालन श्रीमती सुमन अहिरवार, डॉ रुचि द्विवेदी, डॉ संध्या स्थापक के नेतृत्व में संपन्न किया गया एवं कार्यक्रम प्रभारी डॉ मनीषा कुमारिया के द्वारा विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण पर जागरूक किया गया।

## विद्यार्थियों का बढ़ाया मनोबल



**दमोह।** शासकीय सांदीपनि विद्यालय पथरिया में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा विद्यार्थियों से परीक्षा-पर चर्चा की। कलेक्टर श्री कोचर ने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि प्रतिभाशाली विद्यार्थी सही तैयारी से मेरिट में स्थान बना सकते हैं। उन्होंने छात्रों को भी प्रोत्साहित किया। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा घबराने की आवश्यकता नहीं है, समय सारणी बनाकर सभी विषयों पर ध्यान दें तो सफलता अवश्य मिलेगी। साथ ही कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि नकल का सहारा नहीं लेना है। कार्यक्रम के दौरान लगभग 10 विद्यार्थियों के प्रश्नों के उत्तर भी कलेक्टर ने दिए। अंत में कलेक्टर ने सभी विद्यार्थियों को आगामी परीक्षा के लिए शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी एस. के. नेमा भी मौजूद रहे।

## क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बटियागढ

जिले के बटियागढ़ में 'मंत्री कप 2026' विधानसभा स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ हुआ, जिसमें राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल, भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि धर्मेन्द्र कटारे मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। और सभी ने खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने पर जोर दिया, वहीं टूर्नामेंट में विजेता टीम को 51,000 रूपये और उपविजेता को 21,000 रूपये के नगद पुरस्कार रखा गया है। विधानसभा पथरिया के बटियागढ़ में स्व पं. गिरीश सोनकिया खेल परिसर मंत्री कप का भब्यता के साथ शुभारंभ हुआ जिसमें उद्घाटन मैच सैड़ारा और बकायन के मध्य खेला गया।

राज्य मंत्री लखन पटेल ने कहा कि यह दूसरा सीजन है और मैं चाहता हूं कि यह ऐतिहासिक हो बटियागढ़ के लोगों में क्रिकेट को लेकर बहुत ही लोकप्रियता है बहुत लोग देखने आते हैं। तो यहां अच्छे खेल का प्रदर्शन हो टीमें भी अच्छी आये खिलाड़ी भी अच्छे हो और उनको अवसर भी मिले जिससे वो और आगे खेलने का समय पा सके। मैं देख रहा हूं कि आसपास यहां अपने क्षेत्र में बहुत प्रतिभाएं छुपी हुई है। जैसे क्रांति गौड़ पिछले समय में यहां खेला करती थी और आज भारत की महिला क्रिकेट टीम में अपना और देश का नाम रोशन कर रही है। मैं चाहता हूं यहां से भी ऐसे बच्चे निकले और देश में अपना नाम रोशन करें। राज्य मंत्री पटेल ने कहा कि मैं कोशिश करूंगा कि इस टूर्नामेंट के चलते यहां कोई अच्छा खिलाड़ी या स्टार आये जिससे कि मनोरंजन अच्छा हो सके। क्योंकि दर्शकों का आनंद युवाओं और प्रतिभाओं को अवसर 2047 का भारत कैसा होगा उसकी भी झलक दिखे। आप सभी को मालूम होगा कि खेलों मध्यप्रदेश टूर्नामेंट भी सभी जगह चल रहा है।

इस अवसर पर श्याम शिवहरे भाजपा जिला अध्यक्ष दमोह, नरेंद्र व्यास पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष, लोकेश पटेल युवा नेता भाजपा, गौरव पटेल जिला पंचायत अध्यक्ष, धर्मेन्द्र कटारे जिला पंचायत उपाध्यक्ष, अरविन्द पटेल मंडल अध्यक्ष बटियागढ़, डॉ खिलान अहिरवाल जनपद अध्यक्ष पथरिया, मंगल कुशवाहा जनपद अध्यक्ष बटियागढ़, आनन्द त्रिवेदी एम् एच क्लब अध्यक्ष, जनपद सदस्य कमल मिश्रा, रूपकिशोर उदैनिया सरपंच बेलखेड़ी, जितेंद्र ठाकुर एवं समस्त प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस स्टाफ के साथ भाजपा कार्यकर्ताओ की उपस्थिति रही।

## बीईओ ने किया निरीक्षण



**दमोह।** बोर्ड परीक्षा 10वीं/12वीं के परीक्षा परिणाम में सुधार लाने के लिए कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर एवं जिला शिक्षा अधिकारी एस. के. नेमा के आदेशानुसार जिले में विद्यालयों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। इसी कड़ी में गूरुवार को पीएमश्री कन्या हाईस्कूल पटेरा में विकासखंड शिक्षा अधिकारी पटेरा आई. एल. अठया द्वारा विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया । आपके द्वारा कक्षा 10वीं के प्री-बोर्ड परीक्षा परिणाम की चर्चा एवँ रणनीति के बारे मे जानकारी बिषयवार शिक्षकों से ली। अठया जी द्वारा डी ई ग्रेड वर्ग वाली सभी छात्राओं से चर्चा कर उन्हें सफल होने के लिए प्रेरित किया एवँ नियमित विद्यालय आने लिए समझाया । साथ ही प्रतिदिन महत्वपूर्ण विषयों के संपूर्ण प्रश्न पत्र हल करवाने के लिए शिक्षकों को निर्देशित किया।

## बिजली चोरी पर एक्शन, दो अवैध हीटर जब्त

**बनवार।** बिजली उपभोक्ताओं को राहत देने के उद्देश्य से चलाई जा रही बिजली विभाग की समाधान योजना 2025-26 के तहत जहां एक ओर ग्रामीण क्षेत्रों में बकाया बिजली बिल जमा कराने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर अवैध बिजली उपयोग और चोरी करने वालों पर सख्त कार्रवाई भी की जा रही है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में नोहटा क्षेत्र के जेई प्रभात दुबे के मार्गदर्शन में बिजली विभाग की टीम द्वारा गुरुवार को ग्राम कनेपुर में निरीक्षण एवं प्रचार-प्रसार किया गया। इस दौरान तखत सिंह लोधी एवं उजबल लोधी के घरों में अवैध रूप से जलते हुए हीटर पाए गए। नियमों के उल्लंघन पर दोनों हीटर जब्त कर पंचनामा कार्यवाही की गई। जेई प्रभात दुबे ने बताया कि समाधान योजना के अंतर्गत उपभोक्ताओं को पुराने बकाया बिजली बिलों पर अधिभार में अधिकतम छूट दी जा रही है। योजना में एकमुश्त भुगतान पर अधिक छूट एवं किश्तों में भुगतान की सुविधा उपलब्ध है, जिससे उपभोक्ता आसानी से अपने बकाया बिलों का निपटारा कर सकते हैं। कार्रवाई के दौरान अनीश अली सहित बिजली विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। विभाग ने स्पष्ट किया है कि आगे भी बिजली चोरी एवं अवैध उपकरणों के उपयोग पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।





## ओएसिस क्लब पटेरा में रक्तदान शिविर का आयोजन

**पटेरा।** नगर के ओएसिस क्लब (जिम) में दिनांक 22 जनवरी 2026 को एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पटेरा के संरक्षण में संपन्न हुआ। शिविर में जिला चिकित्सालय दमोह से आए चिकित्सक डॉ. प्रशांत सोनी के साथ अनुपम खरे, अमित अहीरवाल (लैब टेक्नीशियन) एवं नईमुद्दीन खान की विशेष उपस्थिति रही। टीम द्वारा रक्त संधारण की समस्त प्रक्रिया विधिवत रूप से संपन्न कराई गई। रक्तदान शिविर में पटेरा नगर के नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और मानव सेवा का परिचय दिया। ओएसिस क्लब के संचालक दानिश कुरैशी ने स्वयं रक्तदान कर सभी को प्रेरित किया तथा शिविर के सफल आयोजन में विशेष सहयोग प्रदान किया। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के शिविर समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ ज़रूरतमंद मरीजों के लिए जीवनदायिनी भूमिका निभाते हैं।

**खास बातें**

### ग्राम मगरोन में अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के रोकथाम के तहत हुई कार्रवाई

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिए गए निर्देशानुसार खनिज विभाग द्वारा खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के रोकथाम की कारवाई लगातार जारी हैं। बटियागढ तहसील अन्तर्गत ग्राम मगरोन मे गिटटी का अवैध उत्खनन एवं परिवहन की जांच खनिज अमला द्वारा किया गया। जिला माइनिंग अधिकारी कमलेश ने बताया उक्त ग्राम मे ट्रेक्टर बिना नम्बर का द्वारा बिना रायल्टी गिट्टी का अवैध परिवहन किया जाना पाया गया को जप्त कर पुलिस थाना मगरोन मे सुरक्षार्थ सुपुर्द किया गया हैं। प्रकरण मे खनिज नियमो के तहत कारवाई प्रस्तावित की जायेगी। उन्होंने कहा जिले मे खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के रोकथाम की कारवाई सतत जारी रहेगी।

### जरूरतमंदों की मदद में निमित्त बने श्री जैन, किया 52वां रक्तदान

**दमोह।** ए प्लस दमोह दीपक जैन ने अपने हर 3 महीने की रक्तदान के संकल्प का पालन करते हुए जिला अस्पताल दमोह में भर्ती शिवानी राठौर के लिए अपना ए प्लस ब्लड स्वैच्छिक रक्तदान कर अपना कर्तव्य फर्ज निभाया। उन्होंने कहा 03 माह बाद पुनः रक्तदान करेंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र जैन अटल, वरिष्ठ पत्रकार महेंद्र जैन, पत्रकार धीरज अहिरवार, अखिलेश रजक, छिदमी राठौर, निर्मल जैन, अरविंद जैन, विपुल जैन, राजेश जैन, शुभम जैन, श्री बमोरिया एवं श्री जैन, ब्लड बैंक स्टाफ मौजूद रहे।

### दो अपराधियों पर की जिला बदर की कार्यवाही

**दमोह।** जिला मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार कोचर ने आपराधिक गतिविधियों पर तत्काल प्रभाव से नियंत्रण करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के प्रतिवेदन पर म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत जिले के 02 अपराधी पर जिला बदर की कार्यवाही की है। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेशानुसार अनावेदक आकाश पिता नरेश राठौर उम्र 24 वर्ष निवासी तीनगुल्ली दमोह को 01 वर्ष की कालावधि के लिये तथा अनावेदक आकश ऊर्फ डूठा पिता रियाज कुरैशी निवासी बजरिया वार्ड नं.-07 कसाई मण्डी दमोह को आगामी 03 माह अर्थात 90 दिवस की कालावधि के लिये दमोह जिले की भौगोलिक सीमाओं तथा आसपास के जिला सागर, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, पन्ना, छतरपुर से निष्कासित (जिला बदर ) कर दिया है तथा आदेशित किया है कि अनावेदक आदेश की प्राप्ति से 24 घंटे के अंदर दमोह जिले की सीमाओं से बाहर चले जायें एवं अपने आचरण में सुधार करें।

पूर्व विधायक रामबाई सिंह के पति, देवर सहित पूर्व जिपं अध्यक्ष पुत्र सहित 7 आरोपियों की सजा बरकरार

# उच्च न्यायालय ने चौरसिया हत्याकांड के 18 आरोपियों को किया दोषमुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

नगर में 15 मार्च 2019 को पटेरा मार्ग स्थित चौरसिया डामल प्लांट पर देवेंद्र चौरसिया की हुई हत्या के मामले में हटा के अपर सत्र न्यायालय द्वारा सुनाई गई सजा के विरुद्ध आरोपियों द्वारा माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर में अपील दाखिल की गई थी जिसमें माननीय उच्च न्यायालय न्यायाधीश विवेक अग्रवाल एवं रामकुमार चौबे की डबल बेंच ने दायर अपील सुनवाई कर दो माह से प्रतीक्षारत फैसला सुनाते हुए एफआईआर में नामजद 7 आरोपीगण की अपील निरस्त कर दी। इनमें पथरिया की पूर्व विधायक रामबाई सिंह के पति गोविंद सिंह,देवर चंदू सिंह,भतीजे गोलू,जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष शिवचरण पटेल के बेटे इंद्रपाल पटेल, श्रीराम शर्मा, अमजद पठान बूठा,एवं लोकेश पटेल को सुनाई गई आजीवन कारावास की सजा बरकरार रखी, शेष 18 आरोपीगणों में बलबीर,अनिस ,मोनू,किशन सिंग, सोहेल खान, अनीश,शैलेंद्र सिंह, राजा डॉन, शाहरुख, अकास ठाकुर, संदीप तोमर, विक्रम,सुखेन्द्र ,खूबचंद, सोहेल पिता शब्बीर, मजहर, फुकलू को दोषमुक्त करते हुए बरी कर दिया तथा प्रकरण में चश्मदीद गवाह मृतक देवेंद्र के बेटे सोमेश चौरसिया द्वारा अपर स्तर न्यायालय द्वारा सुनाई गई सजा को कम मानते हुए उसे बढ़ाए जाने के लिए हाईकोर्ट में प्रस्तुत दोनों अपीलों को आधारहीन मानते हुए निरस्त कर दिया है। उक्त सभी 25 आरोपीगण को एक वर्ष पूर्व अपर सत्र न्यायाधीश सुनील कुमार कोशिक ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी जिनमें से प्राथमिकी में नामजद 7 आरोपियों को छोड़कर शेष 18 लोगो को दोषमुक्त करने रिहा करने का आदेश पारित किया है।

### जिले में 25 जनवरी को मनाया जाएगा 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस

**दमोह।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी मतदाताओं को जागरूक करने एवं प्रजातंत्र में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 25 जनवरी 2026 को 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया जाएगा।इस वर्ष जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित किए जाने का निर्णय लिया गया है। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आलोक कुमार जैन एवं सहायक नोडल अधिकारी (स्वीप) को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। निर्देशों के अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारियों की नियुक्ति कर कार्यक्रम की सभी तैयारियां समय पर पूर्ण करने को कहा गया है। साथ ही नियुक्त किए जाने वाले नोडल/सहायक नोडल अधिकारियों की जानकारी संबंधित कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

दमोह–जबलपुर स्टेट हाईवे पर बड़ा हादसा टला

# ट्रक की स्टेरिंग फेल होने से मचा हड़कंप



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

नोहटा थानांतर्गत दमोह जबलपुर स्टेट हाईवे पर बुधवार देर रात एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। दमोह से जबलपुर की ओर जा रहा एक ट्रक अचानक स्टेरिंग फेल हो जाने से अनियंत्रित हो गया। तेज़ रफ्तार ट्रक हरदुआ वेयरहाउस के सामने सड़क से उतर गया और वेयरहाउस की बाउंड्री वॉल के पास पलटते-पलटते लटककर रुक गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यदि ट्रक बाउंड्री वॉल के पास नहीं रुकता, तो 24 घंटे व्यस्त रहने वाले स्टेट हाईवे पर चल रहे अन्य वाहनों से टकराकर बड़ा हादसा हो सकता था। घटना के समय हाईवे पर यातायात सामान्य रूप से जारी था। गनीमत रही कि ट्रक में सवार चालक, परिचालक सहित चारों लोग पूरी तरह सुरक्षित हैं। हादसे में किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है। बताया जा रहा है कि संबंधित ट्रक आंध्र प्रदेश से टमाटर लेकर दमोह पहुंचा था। माल खाली करने के बाद ट्रक में गेहूं और टमाटर की खाली कैरेट लोड कर जबलपुर की ओर रवाना हो रहा था। दुर्घटना के बाद ट्रक में लोड गेहूं और खाली कैरेट को दूसरे वाहनों में स्थानांतरित कर आगे भेजा गया। यह घटना एक बार फिर तेज़ रफ्तार और वाहनों की तकनीकी खामियों को लेकर सवाल खड़े करती है। समय रहते नियंत्रण होने से बड़ा हादसा टल गया।

## देव जागेश्वर नाथ महादेव मंदिर में होगा पारंपरिक लग्नोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

**बसंत पंचमी की मध्यरात्रि बांदकपुर धाम में लिखी जाएगी शिव–पार्वती विवाह की लग्न पत्रिका**

बुंदेलखंड के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल श्री देव जागेश्वर नाथ महादेव, बांदकपुर धाम में बसंत पंचमी की पावन रात्रि भगवान शिव–पार्वती विवाह महोत्सव के अंतर्गत पारंपरिक लग्नोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह की लग्न पत्रिका विधिवत लिखी जाएगी, जिसे लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। मंदिर ट्रस्ट प्रबंधक श्री राम कृपाल पाठक ने बताया कि वर्षों से चली आ रही परंपरा के अनुसार बसंत पंचमी की देर रात्रि भगवान शिव के दिव्य शिवलिंग का आकर्षक श्रृंगार किया जाएगा। इसके पश्चात मध्यरात्रि से रात्रि लगभग 3 से 4 बजे तक विद्वान पंडितों द्वारा महा रुद्राभिषेक एवं लघु रुद्राभिषेक वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न कराया जाएगा। इसी क्रम में माता पार्वती के मंदिर में एकादशी विद्वानों द्वारा 108 सूत्री अनुष्ठान किया जाएगा। परंपरा अनुसार भगवान महादेव का लग्नोत्सव श्रद्धा, भक्ति और धूमधाम के साथ मनाया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। लग्नोत्सव के साथ ही महाशिवरात्रि पर होने वाले भव्य शिव–पार्वती विवाह भक्ति महोत्सव की तैयारियां भी प्रारंभ हो जाएंगी। मंदिर प्रांगण में इस आयोजन को लेकर विशेष सजावट और व्यवस्थाएं की जा रही हैं। बसंत पंचमी की यह पावन रात्रि बांदकपुर धाम में आस्था, परंपरा और भक्ति का अनुपम संगम प्रस्तुत करेगी।

## धूमधाम से निकली कलश यात्रा



**रनेह।** श्री संकट मोचन हनुमान जी मंदिर शालाहार में आयोजित श्री शिव शक्ति पंचकुंडीय महायज्ञ पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं श्रीमद् भागवत महापुराण का विराट आयोजन 22 जनवरी से 30 जनवरी तक किया जा रहा है। आयोजन के प्रथम दिवस कौशलाधीश मंदिर रनेह से कलशयात्रा प्रारंभ की गई जो बस स्टैंड से गड़ियाटोला होते हुए श्री संकट मोचन हनुमान जी मंदिर शालाहार पहुंची। जहां कथावाचक पं वीरेंद्र शास्त्री जी महाराज द्वारा गणेश पूजन, पंचांग पूजन किया गया। कलशयात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## ग्रामीणों ने मुस्लिम समाज की बेटी का कराया निकाह

**तेंदूखेड़ा/दमोह।** तेंदूखेड़ा ब्लॉक की ग्राम पंचायत अजीतपुर के आश्रित ग्राम निबौरा से सांप्रदायिक सौहार्द की एक बेहद खूबसूरत तस्वीर सामने आई है यहां यादव बाहुल्य गांव में ग्रामीणों ने मिलकर अपने गांव की एकमात्र मुस्लिम समाज की बेटी नजमा खान का निकाह पूरे उत्साह और रीति-रिवाजों के साथ संपन्न कराया नजमा के पिता गुड्डू खान मजदूरी के लिए अक्सर बाहर रहते हैं और परिवार की आर्थिक स्थिति काफी कमजोर है पूरे गांव में यह एकमात्र मुस्लिम परिवार है लेकिन वर्षों से यहां के लोग बिना किसी भेदभाव के आपसी भाईचारे के साथ रहते हैं। जब नजमा की शादी तेजगढ़ के शाहिद खान से तय हुई, तो ग्रामीणों ने तय किया कि वे मिलकर इस बेटी को विदा करेंगे। यादव परिवार के घर से हुई शादी की रस्में शादी की सभी तैयारियां ग्रामीण रामराज यादव के घर से की गई बुधवार को जब तेजगढ़ से बारात निबौरा पहुंची, तो सरपंच प्रतिनिधि राजेश यादव, मधु यादव और अन्य ग्रामीणों ने बारातियों का गर्मजोशी से स्वागत किया पूरी शादी के दौरान गांव के हर वर्ग के लोगों ने बढ़-चढ़कर अपनी जिम्मेदारी निभाई और नजमा हमेशा खुश रहने का आशीर्वाद दिया।

## रेलवे ट्रैक पर संदिग्ध हालात में मिले दंपत्ति के शव

**दमोह।** इलाज के लिए हनुमान मंदिर जा रहे दंपत्ति के शव संदिग्ध हालात में रेलवे ट्रेक पर मिलने से सनसनी के हालात बने रहे। यह घटना महज एक हादसा है या फिर खुदकुशी इसकी जांच में जीआरपी की टीम जुटी हुई है। हिंडोरिया थाना की बांदकपुर चौकी अंतर्गत बिलतरा गांव निवासी माली परिवार के ऊपर दुखों का दोहरा पहाड़ टूट पड़ा है इलाज करने के लिए गए पति-पत्नी की मालगाड़ी की चपेट में आ जाने से मौत हो जाने का दुखद दर्दनाक घटनाक्रम सामने आया है। बताया जा रहा है कि सुखदेव माली को मिर्गी की बीमारी थी इसके इलाज के लिए वह पत्नी सुलेखा माली के साथ बुधवार शाम सागोनी रेलवे स्टेशन के बकलेटा के समीप हनुमान मंदिर जा रहा था। बताया जा रहा है कि रेलवे स्टेशन पर अचानक सुखदेव को मिर्गी का दौरा पड़ा जिससे वह ट्रैक पर गिर गया उसे बचाने के लिए पत्नी सुलेखा भी ट्रैक पर उतर गई इसी दौरान तेज गति से आ रही मालगाड़ी ने पति-पत्नी को अपनी चपेट में ले लिया जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। बुधवार रात दोनों के शव रेलवे ट्रैक के किनारे पड़े रहे। गुरुवार को जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची तथा शवो की पहचान करके उनको जिला अस्पताल भेजा गया तथा परिजनों को सूचना दी गई। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए हैं वहीं रेलवे पुलिस घटना की जांच में जुटी हुई।

## जन अभियान कार्यक्रम का आयोजन



**पटेरा।** नगर परिषद पटेरा द्वारा ग्रामोदय से अभ्योदय एवं संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत पुरानी अस्पताल प्रांगण मंगल भवन में समय सुबह 11.00 बजे से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नागरिकों के द्वारा पीएम स्वनिधि ,आयुष्मान कार्ड, शासन की पेंशन संबंधी योजनाओं ,नवीन नल कनेक्शन के आवेदन, हैंड पंप सुधार ,राशन संबंधी आवेदन एवं पेयजल संबंधित समस्याओं का निराकरण किया गया एवं आनंद उत्सव शासकीय पीएमश्री कन्या शाला हाई स्कूल पटेरा में किया गया,कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा कर दीप प्रज्वलन कर एवं हरि झंडी दिखाकर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शाला के प्राचार्य सुरेंद्र कटारे शाला के समस्त शिक्षकों में - अरविंद पटेल, नरेंद्र पटैल, प्रमोद परोहा,संतोष कटारिया,दीपेश खरे, प्रदीप सोनी, निशा परोहा, दिव्या सिपाहा, मीरा तंतुवाय,अभिलाषा नेमा , संदीप नामदेव, अखलेश सेन एवं नगर परिषद पटेरा के कर्मचारी सुनील पांडेय, कमलेश नामदेव , कम्मू अहिरवाल, नीलम ताम्रकार, नीतेश चौरसिया, लकी असाटी ,विकास चौबे, तरुण तंतुवाय , सलमान खान , थानसींग लोधी, अभिषेक राजपूत, पवन रैकवार , शुभम ताम्रकार एवं सभी स्कूल के छात्र-छात्राओं शिक्षकों की कर्मचारीगण की उपस्थिति में खेल कूद,खेल में रस्साकसी, चेयर रेस, जलेबी रेस, बोरा रेस, कबड्डी, खो खो, चम्मच रेस जैसे खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम, लोक संगीत, नृत्य, लोक गीत का आयोजन किया जाएगा। बड़े ही आनंद के साथ आनंद उत्सव कार्यक्रम संपन्न हुआ। सभी बच्चों ने खेल कूद में भाग लिया।

## प्राकृतिक खेती व पशुपालन से किसानों को मिली नई दिशा- सिद्धार्थ मलैया

### बुंदेली दमोह महोत्सव में किसान संगोष्ठी, मेहंदी प्रतियोगिता व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

**दमोह।** शहर के तहसील ग्राउंड में बुंदेली गौरव न्यास के तत्वावधान में आयोजित बुंदेली दमोह महोत्सव के दौरान किसानों को प्राकृतिक खेती और पशुपालन के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में सिद्धार्थ मलैया शामिल हुए। संगोष्ठी में जिले के सातों विकासखंडों से आए किसानों को कृषि से जुड़ी नवीन और उपयोगी जानकारी प्रदान की गई। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि बदलते समय में खेती को टिकाऊ और लाभकारी बनाने के लिए प्राकृतिक खेती एक प्रभावी विकल्प के रूप में उभर रही है। इस पद्धति में रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के स्थान पर प्राकृतिक संसाधनों और जैविक तत्वों का उपयोग किया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ मिट्टी की उर्वरता बनाए रखते हुए स्वस्थ एवं सुरक्षित खाद्यान्न उत्पादन करना है। प्राकृतिक खेती के प्रमुख तत्व प्राकृतिक खेती में गोबर, हरी खाद, कम्पोस्ट और वर्मीकम्पोस्ट जैसे जैविक उर्वरकों का प्रयोग किया जाता है, जिससे मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार होता है। कीट नियंत्रण के लिए प्राकृतिक उपाय अपनाए जाते हैं, जैसे कीट-नाशक पौधों का उपयोग, मित्र कीटों का संरक्षण तथा फसल चक्र को बढ़ावा देना। जल प्रबंधन के अंतर्गत ड्रिप इरिगेशन और वर्षा जल संचयन जैसी तकनीकों पर भी जोर दिया गया। इसके साथ ही पशुपालन और फसलों की सहजीवी प्रणाली से प्राप्त गोबर व अन्य पशु-उत्पादों का उपयोग उर्वरक के रूप में कर खेती की लागत कम करने की जानकारी दी गई। किसानों को होने वाले लाभ प्राकृतिक खेती से मिट्टी की उपजाऊ क्षमता बढ़ती है, सिंचाई का अंतराल लंबा होता है और रासायनिक खाद पर निर्भरता घटती है। इससे खेती की लागत कम होती है और फसलों की उत्पादकता में वृद्धि होती है। यह पद्धति किसानों के लिए दीर्घकालीन रूप से लाभकारी और टिकाऊ सिद्ध हो रही है। पशुपालन एवं गोपालन का महत्व पशुपालन का उद्देश्य पशुओं का वैज्ञानिक ढंग से पालन-पोषण करना तथा पशु संवर्धन के माध्यम से नस्ल और आनुवंशिक गुणवत्ता में सुधार करना है। उन्नत नस्लों का चयन, प्राकृतिक प्रजनन और कृत्रिम गर्भाधान से दुग्ध उत्पादन, रोग प्रतिरोधक क्षमता और वृद्धि दर में बढ़ोतरी होती है। गोपालन से दूध, घी और अन्य डेयरी उत्पादों के माध्यम से आय प्राप्त होती है, वहीं गोबर और गौमूत्र से जैविक खाद बनाकर मिट्टी की उर्वरता भी बढ़ाई जाती है। मेहंदी प्रतियोगिता व सांस्कृतिक कार्यक्रम शाम के समय शालिनी जैन, सारिका जैन एवं ज्योति जैन के निर्देशन में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 60 महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। रात्रि में ब्रज की होली, स्वर श्री एवं स्कूली सामूहिक नृत्य जैसे रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति हुई, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन दोपहर के समय पारंपरिक खेलों का आयोजन किया गया। बुंदेली खेल प्रकोष्ठ के प्रभारी विकास जैन 'डूडू' ने जानकारी देते हुए बताया कि बड़ा दौड़, आलू दौड़, तिरंगा दौड़, लंगड़ी और डॉल्फिन जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इनमें नवजागृति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शासकीय विद्यालय एवं कॉलेज, ओजस्विनी उत्कृष्ट विद्यालय की छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। विजेता प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किए गए सचिव प्रभात सेठ ने सभी नगर वासियों से मेले में शामिल होने की अपील की है।



# कलेक्टर ने मदिरा दुकान अभाना का लायसेंस पांच दिन के लिये किया निलंबित

**लायसेंसी माँ वैष्णो देवी एण्ड कम्पनी को सचेत किया जाता है कि भविष्य में इस प्रकार की अनियमितता, अपराध की पुनरावृत्ति न की जाये**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

आबकारी उपनिरीक्षक द्वारा प्रकरण की विवेचना में तथ्यों एवं परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुये कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने लायसेंसी मदिरा दुकान अभाना, माँ वैष्णों देवी एण्ड कम्पनी द्वारा प्रस्तुत उत्तर समाधान कारक ना पाये जाने के आरोप में अमान्य करते हुये मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम अंतर्गत मदिरा दुकान अभाना का लायसेंसे 27 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक 05 दिवस की अवधि के लिये निलंबित कर दिया है। कलेक्टर श्री कोचर ने आदेशित किया है निलंबन अवधि में लायसेंसी को न्यूनतम प्रत्याभूत ड्यूटी एवं वार्षिक लायसेंस फीस में किसी भी प्रकार की छूट, क्षतिपूर्ति की पात्रता नहीं होगी। इस निलंबन अवधि की देय न्यूनतम प्रत्याभूत ड्यूटी राशि एवं वार्षिक लायसेंस फीस जमा करने का दायित्व पूर्णतः अनुज्ञप्तिधारी का होगा। लायसेंसी माँ वैष्णो देवी एण्ड कम्पनी को सचेत किया जाता है कि भविष्य में इस प्रकार की अनियमितता, अपराध की पुनरावृत्ति न की जाये। ज्ञातव्य है वर्णित प्रकरण में जप्तशुदा मदिरा की मात्रा फुटकर विक्रय की विहित सीमा से अधिक होना पाई जाने से मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 31 (1) (ख) के अंतर्गत लायसेंसी मां वैष्णों देवी एण्ड कम्पनी मदिरा दुकान अभाना को 16 जनवरी 2026 को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

लायसेंसी मां वैष्णों देवी एण्ड कम्पनी द्वारा 20 जनवरी 2026 को उक्त कारण बताओ सूचना पत्र का उत्तर प्रस्तुत कर लेख किया है कि "उक्त प्रकरण में जप्तशुदा मदिरा प्लेन जिसका बैच नं. 416/31.12.2025 है, उनकी दुकान को प्रदाय में प्राप्त नही हुई है और वह उनकी दुकान से संबंधित नही है। प्रकरण में जप्तशुदा मदिरा मसाला जिसका बैच नं. 223/24 दिसम्बर 2025 के 20 पाव आरोपी गोविंद सिंह पिता रूप सिंह लोधी से बरामद हुये है, जिसने उनके विरूद्ध असत्य कथन लेख करवाया है। साथ लायसेंसी द्वारा लेख किया है कि मदिरा दुकान अभाना से सदैव फुटकर विक्रय की सीमा में ही देशी मदिरा का विक्रय किया जाकर नियमों का पालन किया जाता है।" लायसेंसी द्वारा प्रस्तुत उत्तर समाधान कारक नही पाया गया।

# झलौन में झापन घाट पुल मुद्दे पर मंत्री ने दिए त्वरित निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झलौन



गुरुवार को झलौन में आयोजित एसआईआर बैठक के दौरान मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी का आगमन हुआ। बैठक के दौरान झलौन क्षेत्र की एक अत्यंत गंभीर एवं जनहित से जुड़ी समस्या बियारमा नदी पर स्थित झापन घाट पुल को प्रमुखता से उठाया गया। उल्लेखनीय है कि यह पुल 30 जुलाई 2025 को अत्यधिक वर्षा के कारण क्षतिग्रस्त होकर टूट गया था, जिससे क्षेत्र की यातायात व्यवस्था पूरी तरह बाधित हो गई है और आम नागरिकों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मंत्री श्री लोधी ने बताया कि झापन घाट पुल के पुनर्निर्माण से संबंधित प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा जा चुका है। पुल निर्माण हेतु स्वीकृत होने वाली राशि फिलहाल प्रक्रियाधीन है। उन्होंने कहा कि राशि स्वीकृत होते ही तत्काल प्रभाव से डायवर्सन मार्ग का निर्माण कराया जाएगा, जिससे क्षेत्र में आवागमन पुनः सुचारू हो सके। सेक्टर कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों के आग्रह को गंभीरता से लेते हुए मंत्री श्री लोधी ने मौके पर ही संबंधित एमपीआरडीसी प्रबंधक नितिन बरबे से फोन पर चर्चा की। प्रबंधक द्वारा जानकारी दी गई कि नए ओवर ब्रिज के निर्माण में लगभग दो से तीन वर्ष का समय लग सकता है, किंतु वर्तमान परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु डायवर्सन मार्ग निर्माण के लिए जीएसटी सहित लगभग 5 करोड़ रुपये का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है, जो स्वीकृति की प्रक्रिया में है। मंत्री श्री लोधी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि संबंधित प्रस्ताव पत्र उन्हें व्हाट्सएप के माध्यम से तत्काल भेजा जाए, ताकि वे विधानसभा में संबंधित विभाग एवं मंत्री के समक्ष यह विषय उठाकर शीघ्र स्वीकृति दिलाने का प्रयास कर सकें। उन्होंने आश्वासन दिया कि झापन घाट पुल पर डायवर्सन मार्ग को जल्द से जल्द चालू कराने के लिए वे हर संभव प्रयास करेंगे, जिससे क्षेत्रवासियों को आवागमन में राहत मिल सके। इस अवसर पर जिला मंत्री भारत सिंह लोधी, वरिष्ठ नेता खिलान सिंह लोधी, अशोक जैन, मंडल अध्यक्ष संग्राम सिंह, पूर्व सरपंच अमान सिंह, अजय सिंह, बेड़ी सिंह, हरेंद्र पाल, अनिल यादव, गोकुल खरे, तुलसीराम यादव, देवी, मुकेश साहू, मुकेश पटेल सहित एसआईआर सर्वे के प्रभारी एवं बीएलए-2 उपस्थित रहे। इसी कार्यक्रम के दौरान मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी द्वारा मुकेश साहू के नवनिर्मित मकान का उद्घाटन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। मंत्री ने बताया कि उन्होंने एमपीआरडीसी प्रबंधक नितिन बरबे से भी फोन पर चर्चा कर निर्देश दिए हैं कि अब तक की गई समस्त प्रक्रिया का विवरण शीघ्र उपलब्ध कराया जाए, ताकि शासन स्तर पर त्वरित निर्णय सुनिश्चित किया जा सके।